## एक नजर में

### कार की टक्कर से बाइक सवार बच्ची सहित तीन गंभीर घायल

**बड़वाह,निप्र।** इंदौर इच्छापुर हायवे पर स्थित कुरावद फाटे के समीप मंगलवार दोपहर करीब दो बजेएक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। जिसमें बाईक पर सवार चार वर्षीय बच्ची लवण्या पिता समर पटेल सहित 62 वर्षीय गोपाल पिता भगवान गुजर,55 वर्षीय नर्मदा बाई पति गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें बड़वाह के सिविल अस्पताल लाया गया ।जहा से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल अवस्था में इंदौर रेफर किया है। बताया जा रहा है कि बाईक सवार झगड़ी से मोगरगांव जा रहे थे। उसी दौरान इंदौर इच्छापुर हायवे पर स्थित झिगड़ीफाटे के समीप घटना घटित हो गई।




### कचरा डालने के विरोध में रहवासियों ने धरना-प्रदर्शन किया

**बिस्टान, निप्र।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 में ट्रेंचींग ग्राउंड निर्माण और कचरा डालने के विरोध में साईनाथ कॉलोनी के रहवासियों ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सामने धरना दिया हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए ।रहवासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं एवं युवकों ने बताया कि रहवासी क्षेत्र में कचरा डालने से बदबू फैल रही है । प्लास्टिक पन्नी उड़कर घरों तक पहुंच रही है। शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर चित्तौड़गढ़ भुसावल हाईवे पर चक्का जाम की चेतावनी दी । रहवासी राजा मंसारे , संजय मराठा, राधेश्याम प्रजापत, आदि ने बताया कि ट्रेचिंग ग्राउंड का निर्माण बस्ती ओर श्मशान घाट से दूर किया जाए । वार्ड वासियों की रैली पुलिस थाने परिसर भी पहुंची यहां पर थाना प्रभारी को भी ज्ञापन सोंपा सोमवार को जिला मुख्यालय पर जाकर जिला कलेक्टर कार्यालय में भी ज्ञापन दिया गया ।




### पंचकोशी का धार्मिक और अध्यात्मिक के साथ शारीरिक और मानसिक महत्व भी

**खरगोन,निप्र।** श्री शैव संप्रदाय के तत्वावधान में गुरुदेव डॉ. रवींद्र भारती चौरे कृत नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा केंद्रीय समिति गुरु स्थान पुनासा द्वारा आयोजित एवं स्थानीय नवग्रह पंचकोशी पदयात्रा 15 दिसंबर को निकाली जाएगी। पद्यात्री 70 किमी के परिक्रमा मार्ग में लगभग 20 गांवों की सीमाओं से होकर गुजरते हुए 11 धार्मिक स्थलों का पूजन करेंगे। यात्रा 19 दिसंबर को पुन: मंदिर पहुंचेगी। यात्रा को लेकर डॉ. रविंद्र भारती की पुत्री डॉ. अनुराधा शर्मा ने बताया कि ग्रहों का व्यक्ति, क्षेत्र, प्रदेश और देश पर विशिष्ट प्रभाव रहता है। पंचकोशी यात्रा के जनक डॉ. रवींद्र चौरे भारती का मानना था कि विश्व मे आने वाला समय कठिन होगा और संघर्ष लगातार बढ़ते चले जायेंगे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रख कर नवग्रह की शांति और पूजन के उद्देश्य से नवग्रह पंचकोशी खरगोन की शुरुआत हुई। पद्यात्रा में जितने स्थान देखे जा सकते है, वह अन्य किसी भी साधन से मुश्किल होते है। पद्यात्रा से स्वाथ्य सुधरता है और मन भी शांत होता है, क्योंकि पैदल चलने में व्यक्ति सुकून के साथ चलता है। दुर्गम स्थानों पर अकेले चलना सामान्य व्यक्ति के लिए मुश्किल होता है पर समूह में भजन-कीर्तन करते हुए चलने से कठिनाई महसूस ही नही होती है। इसलिए पंचकोशी का धार्मिक और अध्यात्मिक महत्व के साथ शारीरिक और मानसिक महत्व भी है। मानसिक व्यग्रता में भी पदयात्रा मन को शांति प्रदान करती है। इसलिए प्राचीन काल से पदयात्रा का महत्व रहा है। श्री नवग्रह पंचकोशी यात्रा की शुरुआत 2008 में हुई थी, जिसमें केंद्रीय समिति के राधेश्याम शर्मा, जगदीश नेगी, कल्याण चौरे, गंगाराम मिस्त्री आदि शामिल हुए थे।




### शासकीय शराब दुकान पर नहीं दिया जा रहा बिल, कलेक्टर को की अवैध बिक्री की शिकायत

**खरगोन,निप्र।** जिले में शराब कारोबार को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। मंगलवार को ग्राम सेलानी के स्थानीय लोगों ने इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में राधेश्याम यादव, प्रेमलाल यादव, चिमन सेठ, सीताराम पटेल, हरिश जायसवाल आदि ने आरोप लगाते हुए बताया कि कसरावद जनपद लाइसेंसधारी दुकान संचालक ही शराब को तय कीमत से ज्यादा दामों पर बेच रहे हैं। शराब बिक्री का कोई बिल भी नही दिया जाता। करिश्मा जायसवाल, मुस्कान जायसवाल, ममता जायसवाल आदि ने ज्ञापन में बताया कि ठेकेदार मनमाने तरीके से गांवों, ढाबों, किराणा दुकानों पर अवैध रुप से शराब बिक्री करा रहा है। बाईक, चार पहिया वाहनों से रात में शराब खपाई जा रही है। बेरोकटोक गांव-गांव पहुंच रही शराब से गांवों का माहौल बिगड़ रहा है। युवा पीढ़ी शराब की आदि हो रही है, साथ ही गांवों में लड़ाई-झगड़े और छेड़छाड की घटनाएं बढ़ रही है। शिकायतकर्ताओं ने उक्त मामले में जांच कराने के साथ ही शराब दुकान का स्टॉक चेक कराने के साथ ही बिल के साथ शराब बिक्री करने की मांग की है।



### समरस समाज ही समृद्ध राष्ट्र की नींव होता है : प्रांत मंत्री कहार

**खरगोन,निप्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सामाजिक समरसता दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि अभाविप मालवा प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा समरस समाज ही समृद्ध राष्ट्र की नींव होता है। युवा शक्ति को संकल्प लेना होगा कि वह समरस भारत से समृद्ध भारत का निर्माण करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को जातिवाद, भेदभाव एवं सामाजिक विघटन से दूर रहकर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। उनका संबोधन सुनकर पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। समारोह में खरगोन विभाग छात्रा प्रमुख रीना इंगले, नगर अध्यक्ष प्राध्यापक मनीष पुरुस्वानी, नगर मंत्री अर्जुन सावले विशेष रूप से उपस्थित रहे। खरगोन विभाग संयोजक निर्मल चौहान, जिला विद्यार्थी विस्तारक प्रणय पांचाल, जिला संयोजक रौनक सोनी सहित खरगोन नगर इकाई के कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता की जयकारों के साथ हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों में अद्भुत उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति का भाव स्पष्ट दिखाई दिया।



### कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, अधिकारियों ने सुनी 43 आवेदकों की समस्याएं

**खरगोन,निप्र।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 09 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या एवं अनिल जैन ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 43 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



# महांकाल ट्रेडर्स कंपनी संचालक सहित सुपरवाइजर गिरफ्तार

## औद्योगिक क्षेत्र निमरानी स्थित गोदाम में किया था यूरिया का अवैध भंडारण

नवभारत न्यूज

**खरगोन,निप्र।** औद्योगिक क्षेत्र निमरानी में संचालित हो रही महांकाल ट्रेडर्स कंपनी के गोदाम में गत दिनों मिले यूरिया खाद के अवैध भंडारण मामले में पुलिस ने जांच के बाद कंपनी संचालक एवं सुपरवाईजर की गिरफ्तारी की है। इससे पहले सप्लायर की गिरफ्तारी हो चुकी है। मंगलवार को बलकवाड़ा थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसंबर को इस मामले में कंपनी मालिक महेंद्र पिता हज़ाभाई दाफड़ा निवासी कंडोल कच्छ गुजरात कम्पनी एवं कंपनी सुपरवाइजर सत्यजीत पिता देवेंद्र गोहिल निवासी चंदरोड़ भावनगर गुजरात को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। इससे पूर्व प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी जो किसानों की यूरिया खाद को कम्पनी वालो को सप्लाई करता था, रजत पिता राधेश्याम अजमेरा निवासी मानपुर पर कार्यवाही की जा चुकी है।



### यह था मामला

28 नवंबर को वरिष्ठ कृषि अधिकारी कसरावद ने चौकी खलटांका पर सूचना दी थी कि, ग्राम निमरानी स्थित महाकाल ट्रेडर्स पर औचक निरीक्षण के दौरान गोदाम में यूरिया का अवैध भंडारण, परिवहन, कालाबाजारी, छल कपट एवं धोखाधड़ी जैसे तथ्य सामने आए। उक्त शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की थी। किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी, यूरिया खाद की कालाबाजारी की घटना को गंभीरता से लेते उक्त मामले से जुड़े आरोपियों की जानकारी जुटाई गई। अब तक पुलिस ने 03 आरोपियों पर कार्यवाहीं की हैं।

## नेशनल लोक अदालत के वाहन को न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**मंडलेश्वर,निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया गया ।

न्यायाधीश असलम दहलवी ने एवं कहा की नेशनल लोक अदालत वाहन को सम्पूर्ण नगर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विस्तृत प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोगो को नेशनल लोक अदालत के बारे में मालूम होवे आमजन को न्यायाधीश ने कहा लोक अदालत में छोटे मोटे लड़ाई झगड़े पति पत्नी विवाद प्री लिटिगेशन मामले चेक बाउंस के मामले जल कर संपत्ति कर नगर पालिका के मामलों में छूट दी जाती हे आप सब लाभ लेवे सम्माननीय अधिवक्ता गण कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामे करे लोक अदालत को सफल बनाए अभिभाषक संघ अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री गणेश मालवीय ने कहा की राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजिनामे कराने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किया जाएगा समस्त सम्मानिय अधिवक्ता गण ने भी कहा कि राजीनामे प्रकरणों में भरचक प्रयास करेंगे जिससे लोक अदालत सफल बने लोक अदालत में प्रकरण निपटाने के प्रयास जिससे प्रकरण में अधिक से अधिक निपटारा हो न्यायाधीश गण द्वारा कहा की लोक अदालत सफल बनाए एवं प्रकरणों का निपटारा कराए और लोक अदालत को सफल बनाएं इस अवसर पर श्री कृष्ण राव सोनाने , आशीष मिश्रा ज्योति चौहान श्वेता माहेश्वरी मंडलोई ,रिंकेश जैन जेके यादव जेएस यादव जी दीपिका गोस्वामी जी मनोज यादव नोमान मनोज गीते के एस सोहनी विजय घरिया भारत पटेल विमल बिरला एवं समस्त सम्माननीय अधिवक्ता गण न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया न्यायालय स्टाप उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी में पुरस्कृत हुए शिक्षाविद् गुप्ता



**खरगोन,निप्र।** गत दिनों राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी मैपेक्स सुभाष यादव भवन भोपाल में आयोजित की गई थी। इस प्रदर्शनी में के विजेताओं का पुरस्कार समारोह इंदौर फिलेटेलिक सोसाइटी द्वारा इंडियन कॉफी हाउस इंदौर में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान निमाड़ फिलेटेलिक सोसाइटी के संस्थापक निरंजनस्वरूप गुप्ता को विजेता के रूप में मुख्य अतिथि ख्यात शिक्षा शास्त्री डॉ. ज्योति भाटिया ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय पदक विजेता रवींद्र नारायण पहलवान के अलावा इंदौर सोसाइटी के राजेश शाह, लक्ष्मीकांत जैन आदि सदस्य भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा गत माह खंडवा, खरगोन, बड़वानी और बुरहानपुर जिलों की खंडवा में आयोजित डाक टिकट प्रदर्शनी में गुप्ता को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था और उन्हें खरगोन डाक विभाग के संजय कुलकर्णी, पोस्ट मास्टर दीपेश चौकड़े, विजय आस्के एवं स्टाफ द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

## जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कार्य किया




**भीकनगांव,निप्र।** म.प्र जन अभियान परिषद की नवांकुर समिति कबीर लोक कल्याण समिति एन जी ओ भीकनगाव द्वारा प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से अंजनगाव सेक्टर के काझर में नागझिरी फाल्या में पानी रोको अभियान जल संचय के तहत कार्य किया गया। संस्था अध्यक्ष डा, प्रतिभा मंसारे ने बताया कि वर्षा जल संग्रहण अति आवश्यक है। जिससे कि पालतु पशुओं को और वन्य जीव जन्तुओं को पेयजल आपूर्ति हो सके। संस्था के ऊंकार ढाकसे कार्यक्रम संयोजक रमेश चक्रवर्ती, के बी मंसारे,मनिष सिसोदिया,विकास गटारे,कमल मोरे, कल्याण सिंह गिन्नारे विजय मोरे आदि उपस्थित थे ब्लांक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई द्वारा नवांकुर समिति के कार्यों की सराहना की हैं।

## सनावद बैडमिंटन क्लब ने फिर लहराया परचम

**सनावद,निप्र।** महाराष्ट्र के धुले जिले की तालुका साकरी में आयोजित दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सनावद बैडमिंटन क्लब ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी संजय कुमार पाटीदार ने धुले के शशिकांत पाटिल के साथ मिलकर 35+ आयु वर्ग में उप-विजेता का खिताब जीता और साथ ही उन्हें 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट (डिफेन्स)' का सम्मान भी मिला। 16 टीमों और 32 खिलाड़ियों के बीच हुई इस कड़ी स्पर्धा में 50 वर्षीय संजय पाटीदार और 52 वर्षीय शशिकांत पाटिल की जोड़ी ने अपने अनुभव का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल सहित कुल 8 मजबूत टीमों को बाहर का रास्ता दिखाया। आयोजकों ने पहले 40+ वर्ग रखा था, जिसे बाद में 35+ कर दिया गया, फिर भी दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों ने युवा जोड़ियों को कड़ी टक्कर देकर साबित किया कि उम्र महज एक संख्या है। यह संजय पाटीदार की लगातार दूसरी बड़ी सफलता है। इसी साल



अप्रैल में धुले में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शशिकांत-संजय की जोड़ी ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम की थी। वहीं सनावद क्लब के आशीष मित्तल और संजय पाटीदार की जोड़ी पिछले 10 सालों से प्रदेश के अंदर-बाहर सनावद का नाम रोशन कर रही है। दो माह पहले खंडवा में भी यह जोड़ी फाइनल तक पहुँची थी। खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय सनावद पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य श्री मान चन्द्रगुप्त प्रकोल्य को दिया। संजय और आशीष ने कहा, 'प्रकोल्य सर के अथक प्रयासों से ही सनावद का एकमात्र बैडमिंटन कोर्ट आज भी जीवित है। वे न सिर्फ कोर्ट को बनाए रखते हैं, बल्कि हमें हर प्रतियोगिता के लिए प्रेरित करते हैं।' प्रकोल्य सर स्वयं भी एक बेहतरीन बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं। इस जीत पर सनावद में खुशी की लहर है। संजय पाटीदार के पिता एवं जाने-माने खिलाड़ी दुर्गाशंकर पाटीदार ने बेटे को बधाई दी। साथ ही गणेश पटेल, विनोद गौड़, अर्जुन डाबर, रामगोविंद बेन, बलिराम खरते, मुस्तन अली बोहरा, चंचल नारानिया, राधेश्याम सेन, डॉ. प्रवीण अधिकारी सहित क्लब के सभी सदस्यों और खेलप्रेमियों ने संजय और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। सनावद बैडमिंटन क्लब की यह लगातार तीसरी बड़ी उपलब्धि है, जो छोटे शहर से निकले खिलाड़ियों के जज्बे और लगन की मिसाल है।

## सांसद खेल महोत्सव में उमड़ा उत्साह, विधायक सचिन बिरला ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**सनावद,निप्र।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं शासकीय महाविद्यालय परिसर में कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का जोरदार आयोजन हुआ। सैकड़ों विद्यार्थियों ने भरपूर उत्साह के साथ इन खेलों में हिस्सा लिया और दर्शकों ने तालियों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री सचिन बिरला ने खिलाड़ियों से परिचय लिया और उन्हें संबोधित करते हुए कहा, 'खेल केवल शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और मानसिक संतुलन का भी बड़ा माध्यम है। हर विद्यार्थी को कम से कम एक खेल को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। साथ ही स्मरण-शक्ति और एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग एवं प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें।' विधायक श्री बिरला ने खेल महोत्सव के



लोकसभा प्रभारी जितेंद्र सुराणा, विधानसभा प्रभारी श्याम माहेश्वरी, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य सी.जी. प्रकोल्य, शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के.आर. कुमेकर के साथ मिलकर विजे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इसके अलावा नगर के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार, आशीष मित्तल, अर्जुन डाबर तथा उनके कोच प्रो. आर.जी. बेन और गणेश पटेल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल अधिकारी ज्योति



राजपूत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता बंसल, नपा नेता प्रतिपक्ष राजेश अंजने, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रभात उपाध्याय, भाजपा नेता ओमप्रकाश पटेल, रामेश्वर सिनगुने, सोहन यादव, श्याम ठाकुर, केतन गेहलोत, मोहित यादव, शुभम शर्मा, सरोज इंगला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव के इस आयोजन ने सनावद के युवाओं में खेल भावना को और मजबूत करने का काम किया है।

**एक नजर में** भारत के हर युग वर्ग को आगे आकर सकारात्मक पहल करना चाहिए

# अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार दिवस पर विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र।** जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय बड़वाह में यूनिसेफ और एनएचडीसी ओंकारेश्वर के सौजन्य से अंतराष्ट्रीय भ्रष्टाचार दिवस पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख, प्रभारी प्राचार्य प्रो. के. सी.कैथवास के निर्देशानुसार में हुआ एनएचडीसी ओंकारेश्वर से देवेंद्र सिंह सैयाम समूह वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण) अतुल देवड़ा परियोजना सतर्कता अधिकारी संजीव कुमार सहायक विशेष इस कार्यक्रम में 15 विधार्थियों ने सहभागिता की और इनमें से कु.खुशबू आवले और कु.मीनाक्षी तंवर को सांत्वना पुरस्कार और प्रथम पुरस्कार कु. सुखनीत कौर भाटिया




द्वितीय पुरस्कार कु. लक्ष्मी चौहान और तृतीय पुरस्कार कु.सोनी वर्मा और शेष विद्यार्थियों को सहभागिता करने के लिए भी प्रमाण पत्र दिये गये विषय 'भविष्य निर्माण के लिए युवा वर्ग संगठित होकर भ्रष्टाचार का विरोध करे' निर्णायक के रूप में डॉ. सुनील शर्मा श्री देवेन्द्र सैयाम प्रो. रजनी खेडेकर इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश कुमार औचट इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि हमें किसी भी प्रकार से कोई भ्रष्टाचार नहीं करना चाहिए और दूसरों को भी भ्रष्टाचार न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए और ना रिश्वत देंगे ना रिश्वत लेंगे हर काम को ईमानदारी से करने का प्रयास करेंगे और सभी को करने के लिए प्रेरित करेंगे इस भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से खत्म करने के लिए युवा वर्ग को संगठित होकर इसके लिए सकारात्मक पहलूओ पर विचार करना चाहिए और इसका पूर्ण जोर से विरोध करना चाहिए ताकि हमारे देश में एक अच्छा सकारात्मक माहौल बन सके और भ्रष्टाचार पर विराम लग सके। भारत के हर युग वर्ग को आगे आकर सकारात्मक पहल करना चाहिएं। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया विद्यार्थियों ने विषय संबंधित विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि कैसे युवा वर्ग स्वयं ओर समाज को शिक्षित और जागरूक कर भ्रष्टाचार को रोक सकते साथ ही विद्यार्थियों ने आधुनिक जगत की विभिन्न तकनीकों का भी उदाहरण दिया जिसके प्रयोग से भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है।